हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 8 अगस्त 2025



04 तीसरी फसल से बढ़ी किसानों की आय, मूंग खरीदी का...



07 दशकों पुराने पैटर्न पर लगता नगर का आम व...



**खबर संक्षेप**

### अधिकारी, कर्मचारी करें हेलमेट का उपयोग

**नर्मदापुरम।** मप्र मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा-129 में निहित प्रावधानों के अनुसार प्रत्येक दो पहिया वाहन सवारी तथा वाहन चालक को आई.एस.आई. मार्क हेलमेट पहनना आवश्यक है। बिना हेलमेट धारण किये चलने वाले दोपहिया वाहन चालकों की सड़क में दुर्घटना एवं असामायिक मृत्यु होने का खतरा बना रहता है। उक्त संबंध में कलेक्टर द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं कि जिले के समस्त शासकीय कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी इसका पालन अनिवार्य रूप से करें। सभी अधिकारी, कर्मचारी हेलमेट पहन कर ही प्रतिदिन यात्रा करें।

### नर्मदा जल से कावड़ियों ने किया अभिषेक

**माखननगर।** पवित्र श्रावण माह में मारागांव के ग्रामीणों ने कावड़ यात्रा निकाली नर्मदा जल भरकर सिद्ध बाबा पहुंचे वहां पर ग्रामीणों ने पूजन अभिषेक किया एवं प्रसाद चढ़ाया सभी कावड़ यह पीली पशाक पहने हुए बम बम बोल बोल की जयकार करते चल रहे थे रास्ते में में जगह-जगह कावड़ में शामिल भक्तों का स्वागत किया गया। इस दौरान ग्राम के अनेक शिवभक्त और नागरिक मौजूद रहे।

## कलेक्टर ने किया खरीदी केन्द्रों का दौरा, अधिकारियों को दिये निर्देश

# कहीं ग्रेडिंग और कहीं बिना ग्रेडिंग की मूंग खरीदी के बाद आज आखिरी दिन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम**

1 माह चली मूंग खरीदी का आज आखिरी दिन है। इससे पूर्व गुरूवार को कलेक्टर ने खरीदी केन्द्रों का दौरा किया और मूंग की मानकता को परखा।

खरीदी गई कुल मूंग के स्वीकृति पत्रक को शीघ्र जारी कर किसानों को मूंग उपार्जन के भुगतान की कार्रवाई को तेज किया जाए। उपार्जन के दौरान गुणवत्ता मापदंडों का रखें विशेष ध्यान। यह बात कलेक्टर सोनिया मीना ने गुरुवार को सोहागपुर तहसील अंतर्गत मूंग उपार्जन केंद्रों के औचक निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने सोहागपुर अंतर्गत कृषि उपज मंडी में स्थित सीडब्ल्यूसी उपार्जन केंद्र, नर्मदा वेयरहाउस, नन्हू महाराज लॉजिस्टिक्स, विशाल वेयरहाउस आदि मूंग उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपार्जन प्रक्रिया, भुगतान एवं गुणवत्ता की गहन समीक्षा की प्रत्येक केंद्र पर मूंग के सैंपल की जांच की तथा केंद्रों पर किसानों से संवाद भी किया।



### अब तक 1 लाख 96 हजार 337 टन मूंग का हुआ उपार्जन

मूंग खरीदी के लिए जिले में 102 उपार्जन केंद्र स्थापित किए गए। इनमें से 63 केंद्रों में खरीदी हुई। 7 जुलाई 2025 से अब तक 62 हजार 291 किसानों से 1 लाख 96 हजार 337 टन से भी ज्यादा की मूंग खरीदी की गई। पिछले साल भी भुगतान खरीदी खत्म होने के एक माह बाद मिला था। तब जो किसान खरीदी से वंचित रह गए थे और उनके लिए पोर्टल 5 दिन और खोला गया था।

### अमानक स्तर की मूंग पर नाराज हुई कलेक्टर



कलेक्टर सोनिया मीणा खरीदी केंद्र पर मूंग की खरीदी की अंतिम तारीख से एक दिन पूर्व जांच करने पहुंचीं। उनके साथ एसडीएम प्रियंका भलावी और जिला उपार्जन समिति टीम पहुंची। टीम ने सोहागपुर ब्लॉक के अलग-अलग खरीदी केंद्रों पर जांच की। उन्होंने नर्मदा वेयरहाउस के केंद्र में खरीदी कर रखी मूंग की स्थिति देखी। सील पैक बोरियों के सैंपल निकाले गए। इनमें से अमानक स्तर की मूंग निकली। कलेक्टर मीना ने सख्त लहजे में अमानक मूंग खरीदने पर नाराजगी जताई। उन्होंने तत्काल पंचनामा बनवाया और केंद्र में रखी मूंग अपग्रेड करवाएं जाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक केंद्र पर मूंग के सैंपल की जांच की।

### मूंग खरीदी का आज आखरी दिन

गत 7 जुलाई से शुरू हुई मूंग खरीदी का आज आखिरी दिन होगा। एक माह तक चले मूंग उपार्जन में अभी तक जिले में मूंग विक्रय के लिए हजारों में किसान वंचित रह गए हैं साथ ही कई किसानों की मानक होने पर भी वापस कर दी गई। मूंग बेंचने में करीब एक किसान को एक सप्ताह का अनावश्यक समय लगा जो प्रशासनिक अव्यवस्था को दर्शाता है।

# सास से विवाद के बाद बहू ने की आत्महत्या की कोशिश

## पुलिस ने बचाई जान, मामला किया दर्ज



**हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर**

सोहागपुर निवासी एक महिला ने पारिवारिक विवाद और सास से चल रहे तनाव के चलते गुरुवार सुबह आत्महत्या करने की कोशिश की। महिला सोहागपुर रेलवे स्टेशन पहुंचकर पहुंची। लेकिन 100 डायल की टीम ने सूचना पर तत्परता दिखाई एवं महिला को आत्महत्या करने से बचाया। पुलिस एएसआई गणेश राय द्वारा गुरुवार शाम जारी प्रेस नोट के अनुसार सुबह की घटना की सूचना डायल 100 पर प्राप्त हुई तो प्रधान आरक्षक नारायण सिंह ने तत्काल थाने को सूचित किया। एएसआई गणेश राय ने इस आपात स्थिति की जानकारी थाना प्रभारी ऊषा मरावी को दी, जिन्होंने तत्काल अधीनस्थ स्टाफ को रेलवे स्टेशन पहुंचने के निर्देश दिए।

गणेश राय ने चीता मोबाइल ड्यूटी में तैनात आरक्षकों मनोहर दायमा एवं रामकृष्ण को फोनकर रेलवे स्टेशन पर शीघ्र पहुंचने के निर्देश दिए। दोनों आरक्षक रेलवे स्टेशन पहुंचे और रेलवे ट्रैक पर आत्महत्या का प्रयास कर रही महिला को समय रहते रोक उसकी जान बचाई। इसके पश्चात महिला के परिजनों को बुलाकर उन्हें सुपुर्द किया गया।

### पुलिस की अपील

सोहागपुर पुलिस ने सभी नागरिकों से अपील की है कि पारिवारिक समस्याओं या किसी भी मानसिक तनाव की स्थिति में आत्महत्या जैसे कदम न उठाएं। जरूरत पड़ने पर थाना सोहागपुर से संपर्क करें। पुलिस द्वारा हरसंभव कानूनी मदद, मार्गदर्शन एवं मानसिक काउंसलिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

# राज्य सभा सांसद नारोलिया ने केंद्रीय मंत्रियों से की चर्चा

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम**



क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं और विकास की संभावनाओं को लेकर राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने बुधवार को संसद भवन और मंत्रालयों में केंद्रीय मंत्रियों से भेंट कर चर्चा की। सांसद माया नारोलिया ने संसद भवन स्थित मंत्री कक्ष में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात कर जिले के पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के लिए नवीन भवन की आवश्यकता एवं भूमि स्थानांतरण को लेकर चर्चा की और शीघ्र स्वीकृति व निर्माण का आग्रह किया। इसके बाद उन्होंने केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान से मुलाकात की। बैठक के दौरान नर्मदांचल क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान सांसद ने केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री किशन रेड्डी से भी मुलाकात की।

# नपा में हुआ जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन, नपाध्यक्ष ने सुनी नागरिकों की समस्याएं

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम**

प्रति गुरूवार को जनसुनवाई नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश की जा रही है। जनसुनवाई में उपयंत्री के साथ ही नपा के अधिकारी कर्मचारी आदि उपस्थित थे। कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि आज विभिन्न प्रकार की समस्याएं आईं हैं जिनका उचित समाधान किया गया। नपाध्यक्ष श्रीमती यादव ने जनसुनवाई करते हुए सभी



अधिकारी और कर्मचारी को निर्देश देते हुए कहा कि जनसुनवाई में जो भी शिकायतें आती हैं उनका समाधान त्वरित गति से करें। साथ ही संबल कार्ड बनवाने हेतु आवेदन आए हैं उनकी जांच करने के निर्देश दे दिए गए हैं। वार्ड नंबर 25 में खाली प्लाट में भरे पानी निकालने के लिए हरसिंह द्वारा आवेदन दिया गया। वार्ड नंबर 11 की पूनम तिवारी द्वारा राष्टNीय परिवार सहायता राशि के आवेदन दिया गया।

# बीईओ को आहरण संवितरण अधिकार ना होने से अटका सेवानिवृत्त शिक्षक का भुगतान

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर**

सोहागपुर के एक सेवानिवृत शिक्षक की भविष्य निधि अटकी हुई है। जिसके संबंध में मंगलवार को पीड़ति ने एसडीएम को आवेदन दिया था। पीड़ति पीएस गढ़वाल ने आवेदन में उल्लेख किया था कि समस्या का समाधान नहीं होने पर वे स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को सहायक संचालक शिक्षा के कार्यालय के समक्ष आत्मदाह करेंगे। हरिभूमि ने गुरुवार को एसडीएम प्रियंका भल्लावी से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि आवेदन सोहागपुर बीईओ को भेजा है। जहां से पूरी जानकारी डीईओ नर्मदापुरम को भेजी गई है। भल्लावी ने कहा कि समस्या का समाधान शीघ्र कराएंगे। हरिभूमि संवाददाता ने पीएस गढ़वाल से चर्चा की तो उन्होंने कहा कि गुरुवार दोपहर तक उन्हें किसी भी अधिकारी ने कोई जानकारी नहीं दी है।



किसी अन्य व्यक्ति के खाते में जमा की सेवानिवृत्त शिक्षक की भविष्य निधि की राशि

15 अगस्त को कार्यालय के सामने आत्मदाह की सेवानिवृत्त शिक्षक की धमकी

स्वतंत्रता दिवस पर आत्मदाह की चेतावनी

### आहरण संवितरण अधिकार की परेशानी

जानकारी अनुसार सोहागपुर बीईओ परिवीक्षा अवधि के शिक्षा सहायक संचालक अधिकारी हैं। जिन्हें परिवीक्षा अवधि में आहरण संवितरण अधिकार प्राप्त नहीं हैं और सेवानिवृत्त शिक्षक के भुगतान का मामला अटका है। अब ये अधिकार माखननगर बीईओ को दिये हैं। सेवानिवृत शिक्षक की समस्या के जल्द समाधान की बात एसडीएम ने कही है। उल्लेखनीय है कि हरिभूमि ने गुरुवार को ही समाचार प्रकाशित किया है कि सोहागपुर बीईओ को आहरण संवितरण अधिकार प्राप्त नहीं होने से शिक्षा विभाग के लगभग 600 कर्मचारियों का वेतन अटका है।

# समाजसेवियों, संस्थानों के सहयोग से वेलोसिटी माइनिंग वर्क्स एलएलएलपी रेत कंपनी ने वितरित की 20 शालाओं को बैंच

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम**




सूदूर ग्रामीण प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में फर्नीचर की कमी को दूर करने के उद्देश्य से, अनुविभागीय अधिकारी इटारसी टी. प्रतीक राव तहसीलदार इटारसी शक्ति तोमर और विकासखंड शिक्षा अधिकारी केसल आशा मौर्य के संयुक्त प्रयासों से 20 शालाओं के लिए कुल 405 बेंच खेड़ा इटारसी ऋषि इंटरप्राइजेस में आयोजित कार्यक्रम में वितरित किए गए। जिसमें इटारसी के अनेक समाजसेवियों, संस्थानों, वेलोसिटी माइनिंग वर्क्स एल एल एल पी रेत कंपनी की ओर से 50 बेंच ओर डेस्क का महत्वपूर्ण योगदान दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अनुविभागीय अधिकारी इटारसी टी. प्रतीक राव ने अपने उद्बोधन में कहा कि निरीक्षण के दौरान यह सामने आया कि प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थी फर्नीचर के अभाव में भूमि पर बैठकर अध्ययन कर रहे थे। इस परिस्थिति में सुधार लाने का विचार तभी मन में आया और समाज के सेवकों के सहयोग से यह संकल्प आज पूरा हो सका है। इस

कार्यक्रम के दौरान अपने विचार साझा करते हुए वेलोसिटी माइनिंग वर्क्स एल एल एल रेत कंपनी की ओर से मुकेश तिवारी ने कहा कि एसडीएम के मार्गदर्शन में हमारी कंपनी ने बेंच ओर डेस्क प्रदान की है इससे गरीब बच्चों को बुनियादी सुविधाओं से वंचित न रहने की यह पहल सराहनीय है।

सभी बच्चों के चेहरे पर खुशी का माहौल देख कर हमें भी बड़ी खुशी मिल रही है। इस आयोजन से यह स्पष्ट संदेश दिया कि जब प्रशासनिक नेतृत्व और समाज का सहयोग एक साथ आता है, तो परिवर्तन केवल संभव ही नहीं बल्कि स्थाई भी बनता है। विद्यालयों में बेचों की स्थापना केवल बैठने की सुविधा नहीं बल्कि बच्चों के बेहतर सीखने के वातावरण ,आत्मसम्मान और शिक्षा के प्रति नए बदलाव का प्रतीक है । यह अभियान लगातार जारी रहेगा और भविष्य में अधिक से अधिक विद्यालयों को बेंच प्रदान की जाएगी।

### बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता पर ध्यान दें:सीईओ रावत

**नर्मदापुरम।** स्कूलों में बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता पर ध्यान देते हुए यह सुनिश्चित किया जावे की किसी भी स्थिति में छात्र-छात्राएं जीर्ण-शीर्ण भवन में ना बैठें। छात्र-छात्राओं की सुरक्षा सर्वोपरि है ।यह निर्देश मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नर्मदापुरम सौजान सिंह रावत ने शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में सभी अधिकारियों एवं शिक्षकों को दिए। जिला शिक्षा केंद्र की ओर से डीपीसी डॉ राजेश जायसवाल ने प्रस्तुतिकरण देते हुए पार्टी पुस्तक वितरण नामांकन साइकिल वितरण एवं अन्य योजना के बारे में विकासखंडों की स्थिति से अवगत कराया गया। सी.ई.ओ श्री रावत ने कहा कि सभी विद्यालयों के प्रधान पाठक, प्राचार्य इस बात को सुनिश्चित करें कि जिस कक्ष में विद्यार्थी बैठ रहे हैं वहां प्रकाश की समुचित व्यवस्था हो।

# पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री पटेल ने नदियों के उद्गम स्थल पहुंच कर किया पूजन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर**

मध्य प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने गुरुवार को ग्राम पंचायत चूरना के आमझरी में बाकुड़ नदी के उदगम स्थल एवं ग्राम पंचायत नया धाई के सिद्ध बाबा पहुंचकर मारू नदी के उद्गम स्थल का पूजन किया यह दोनों नदियों का उदगम पहाड़ी क्षेत्रों में है। यहां सुंदर मनमोहक झरना जैसा गिरता रहता है।



नदियों का प्राकृतिक महत्व एवं भारतीय जनमानस में गहरी आस्था है। पूजन कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक विजयपाल सिंह, जिपं सदस्य हाकम सिंह, जिपं सीईओ सुजान सिंह रावत, माखन नगर जनपद के सीईओ रंजीत ताराम, पंचायत विभाग के सरपंच श्रवण मासाब, मुकेश यादव, सचिव संजय मीना, देवी सिंह मीणा, प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी और ग्रामीण जन मौजूद रहे। मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा नदी केवल जल का श्रोत ही नहीं है हमारी संस्कृति जीवन की आस्था का प्रतीक हैं। विधायक विजयपाल सिंह ने नदियों के संरक्षण के लिए जन जागरूकता की बात कही। मंत्री के पूजन कार्यक्रम के पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष चतुर्वेदी आकाश तिवारी बंटी साहू निखिलेश चतुर्वेदी दिनेश शर्मा सिल्लू मालवीय महेश साहू सपनैश पुरोहित ने पुष्पमाला से स्वागत किया।

# उपनिवेशवाद के पहले भारतीय शिक्षा समृद्ध और संपन्न थी




**हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम**

शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत द ब्यूटीफुल ट्री पुस्तक पर परिचर्चा का आयोजन किया गया ।प्राचार्य डॉ आर के चौकसे के मार्गदर्शन तथा डॉ के जी मिश्र के संयोजन में किताब का विश्लेषण करते हुए डॉ रवि उपाध्याय ने बताया कि लेखक धर्मपाल द्वारा लिखित पुस्तक द ब्यूटीफुल ट्री का उद्देश्य है कि जन सामान्य को जानकारी रहे कि भारत में ब्रिटिश औपनिवेशवाद शासन ने पारंपरिक शिक्षा प्रणाली को ध्वस्त किया और अंग्रेजी शिक्षा व्यवस्था को थोपा था। इस किताब के तथ्यों और तर्कों की सत्यता जांचने के लिए ब्रिटिश सरकार ने तत्कालीन कलेक्टरों को गांव गांव में शिक्षा व्यवस्था की जानकारी हेतु भेजा था ।तब चौंकाने वाले रिपोर्ट आई कि सभी गांवों में स्कूल चल रहे हैं। जिसमें ब्राह्मण वर्ण से ज्यादा वैश्य, दलित और मुस्लिम विद्यार्थी अध्यनरत हैं।

## विकासखण्ड स्तर पर अभियान के साथ की गई चालानी कार्रवाई

# बिना हेलमेट के घूम रहे लोगों को दी जा रही समझाइश हेलमेट पहनना है जरूरी, हेलमेट से सुरक्षित रहती है जान

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम**

कलेक्टर ससोनिया मीना के निर्देशानुसार जिले में सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत गुरुवार को बिना हेलमेट वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। इस अभियान के तहत तहसील स्तर पर गठित टीमों द्वारा क्षेत्रवार कार्यवाही एवं जन-जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। साथ ही पेट्रोल पंप एवं अन्य स्थानों पर नागरिकों को हेलमेट पहनना के लिए समझाइश दी जा रही है।

जिले के पिपरिया मार्ग स्थित वरदान पेट्रोल पंप पर जिला परिवहन अधिकारी रिंकू शर्मा एवं डीएसपी ट्रैफिक संतोष मिश्रा के नेतृत्व में परिवहन विभाग एवं



पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा कार्यवाही की गई। इस दौरान बिना हेलमेट चलने वाले दोपहिया वाहन चालकों के विरुद्ध कुल 37 चालान बनाए गए तथा कलेक्ट्रेट परिसर अंतर्गत 30 लोगों पर बिना हेलमेट वाहन चलाने पर चालानी कार्यवाही की गई। इस प्रकार कुल 67 चालान बना कर 20 हजार 100 रुपए का जुर्माना वसूला गया। इसी के साथ ही इटारसी एवं केसला क्षेत्र अंतर्गत इंडियन पेट्रोल पंप के पास 10 चालान से 03 हजार 400 रुपए, पिपरिया के समैया पेट्रोल पंप से 07 चालान बना कर 2 हजार 700 रुपए की, सोहागपुर क्षेत्र अंतर्गत इंडियन पेट्रोल पंप पर 22 चालान बनाकर 7 हजार रुपए की, माखन नगर क्षेत्र अंतर्गत जिओ पेट्रोल पंप आंचल खेड़ा पर 12 चालान से 4 हजार रुपए की, बनखेडी में नायरा पेट्रोल पंप पर 05 चालान से 02 हजार 500 रुपए की चालानी कार्यवाही कर जुर्माना वसूल किया गया। उक्त कार्रवाई के दौरान कुल 123 चालान बनाकर 39 हजार 700 का जुर्माना वसूल किया गया।

कलेक्टर मीना द्वारा हेलमेट अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सभी उपखंड अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में गठित टीमों के माध्यम से लगातार निगरानी रखें एवं समय-समय पर सघन अभियान चलाएं।

# सड़क सुरक्षा हेतु थाना स्तर पर होंगे नोडल अधिकारी

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम**

सड़क सुरक्षा से संबंधित कार्यवाही जैसे जागरूकता, प्रवर्तन, सुधार और दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए यातायात पुलिस द्वारा ही कार्यवाही की जाती रही है किंतु सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में रोकथाम और दुर्घटनाओं में मृत्यु दर कम करने हेतु पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह द्वारा नई पहल करते हुए थाना स्तर पर इस कार्य हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं जो अपने थाना क्षेत्र में सड़क सुरक्षा संबंधी कार्यवाही करेंगे। उल्लेखनीय है कि जिला नर्मदापुरम में वर्ष 25 में जून तक वर्ष 24 की तुलना में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में 13 प्रतिशत वृद्धि हुई है इसके अपेक्षा में मृतकों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है। सड़क सुरक्षा की गंभीरता को देखते हुए सर्व प्रथम पुलिस अधीक्षक ने थानावार, सड़क



वार, क्षेत्रवार और दुर्घटना समय के अनुसार दुर्घटनाओं की समीक्षा की एवं वृहत स्तर पर कार्यवाही की आवश्यकता को देखते हुए इस में विस्तार देने की दृष्टि से प्रत्येक थाने में नोडल अधिकारी की नियुक्ति की सार्थक पहल की गई है प्रत्येक थाने के नोडल अधिकारी को दुर्घटनाओं की रोकथाम, सड़क सुधार, आवारा मवेशियों को हटवाने, जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने और प्रवर्तन संबंधी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### सतपुड़ा ताप विद्युत गृह अस्पताल सारणी में स्वास्थ्य शिविर आज

**सारणी।** सतपुड़ा ताप विद्युत गृह अस्पताल सारणी में आज निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा। सीएसआर के तहत निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं। सुबह 9 बजे से श्याम 5 बजे तक पाढर अस्पताल से आए डॉक्टर द्वारा कैंसर रोग, पाचन संबंधी समस्या, पथरी, किडनी, पेशाब की थैली की बीमारी, हर प्रकार की गठाने, घाव एवं ट्यूमर प्रोस्टेट ग्रंथि की तकलीफ, लीवर और किडनी की तकलीफ, शुगर ब्लड प्रेशर, कमजोरी, हृदय रोग बाल रोग, स्तन में गठाने, मूत्र रोग, बवासीर, हर्निया, फिशर फिस्टुला समेत कई रोगों के उपचार किए जाएंगे।

### खदान से पानी निकालने तडाली से लाया पंप

**सारणी।** पाथाखेड़ा की कोयला खदान पानी निकालने के लिए स्थानीय प्रबंधन विफल रहा है। जबकि 4 दिनों से दो पंप इंस्टाल कर पानी निकालने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन उक्त पंप से जितना पानी बाहर नहीं निकाल पा रहे, उससे कहीं ज्यादा पानी खदान में बढ रहा है। अब बढते जल स्तर ने कोल प्रबंधन की नींद उड़ा दी है। दिन की बात तो दूर अब रात में भी पाथाखेड़ा महाप्रबंधक खदान पर पहुंच रहे हैं और स्थिति का जायजा ले रहे हैं। गुरुवार सुबह से महाप्रबंधक खदान पहुंचकर तडाली से पाथाखेड़ा लाए पंप को इंस्टाल कर रही टीम के साथ मौजूद रहे। गौरतलब हैं कि खदान में 72 से बढकर पानी 64 लेवल तक पहुंच गया है। इसके चलते ई-9 सेक्शन से कोयला उत्पादन ठप्प हो गया है। खदान सूत्र बता रहे है कि अभी भी पानी कहाँ से सेक्शन में आ रहा है इसका सही पता नहीं लगाया जा सका है।

### 4118 किसानों से खरीदी मूंग, 102 करोड़ का भुगतान

# तीसरी फसल से बढ़ी किसानों की आय, मूंग खरीदी का अंतिम दिन



संजय द्विवेदी ▶▶ बैतूल

जिले में तीसरी फसल ग्रीष्मकालीन मूंग की खेती शुरू होने के बाद किसानों की आर्थिक संपन्नता बढ़ी है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि इस साल अब तक जिले के 4118 किसानों ने समर्थन मूल्य पर मूंग बेची है। जिन्हें करीब 102 करोड़ 1 लाख रुपए का भुगतान किया गया है। अभी खरीदी जारी है और आज खरीदी का अंतिम दिन है। हालांकि किसानों की संख्या को देखते हुए तारीख में बढ़ोत्तरी हो सकती है। बताया जा रहा है कि इस साल समर्थन मूल्य पर मूंग-उड़द बेचने के लिए कुल 5198 किसानों ने पंजीयन कराया था, जिसमें से 4606 किसानों ने स्लार्ट भी बुक किये है। वहीं अभी तक 4118 किसानों से करीब 11749.70 मेट्रिक टन मूंग की खरीदी की जा चुकी है। वहीं उड़द के लिए 45 किसानों ने 53 हेक्टेयर रकबा का पंजीयन कराया था, किन्तु किसानों ने उड़द नहीं बेची। गौरतलब ह कि इस बार जिले में ग्रीष्मकालीन मूंग 15900 हेक्टेयर रकबे में बोई गई थी और बड़े पैमानें पर मूंग का उत्पादन भी हुआ है।

#### पिछले साल 3059 किसानों ने बेचा था मूंग

जिले में पिछले साल 3059 किसानों ने समर्थन मूल्य में मूंग बेचा था। हालांकि पिछले साल 3697 किसानों ने पंजीयन कराया था, किन्तु 638 किसानों ने मूंग नहीं बेचा। वहीं 3059 किसानों से 6630 एमटी (मेट्रिक टन) मूंग की समर्थन मूल्य पर खरीदी हुई थी। जबकि इस साल 5153 किसानों ने 13396 हेक्टेयर मूंग के लिए पंजीयन कराया है। वहीं उड़द के लिए 45 किसानों ने पंजीयन किया था। वहीं स्लॉट बुकिंग की बात करें तो 4606 किसानों ने स्लॉट बुक कराए हैं। इनमें से 4118 किसानों ने समर्थन मूल्य पर मूंग बेच दी है। बचे किसान भी लगातार खरीदी केन्द्र पहुंचकर मूंग बेच रहे है।

#### 102 करोड़ रुपए का भुगतान 63 करोड़ के ईपीओ जारी

समर्थन मूल्य में मूंग बेचने वाले किसानों को भुगतान किये जाने की प्रक्रिया भी जारी है। विभाग द्वारा अभी तक 102 करोड़ 1 लाख रूपये का भुगतान किसानों को किया जा चुका है। वहीं 63 करोड़ के ईपीओ जनरेट हो चुके है। अधिकारियों को कहना है कि जैसे-जैसे डब्ल्यूएचआर बनते जा रही है, वैसे-वैसे किसानों का भुगतान हो रहा है। अभी साढ़े चार सौ से पांच सौ किसानों का भुगतान होना बाकी है। रोजाना जो खरीदी हो रही है, शाम को ईपीओ जारी किये जा रहे है।

#### करीब 11060 मेट्रिक टन मूंग का परिवहन

विभाग द्वारा अनुमानित कुल लक्ष्य से अधिक मूंग की खरीदी की गई है। बताया जा रहा है कि अनुमानित कुल लक्ष्य 10000 था, जबकि विभाग ने अभी तक 11749.70 मेट्रिक टन मूंग की खरीदी कर ली है। वहीं खरीदी केन्द्रों से 11060.25 मेट्रिक टन मूंग का परिवहन भी किया जा चुका है। वहीं खरीदी केन्द्रों पर 357.35 मेट्रिक टन जो मूंग परिवहन के लिए रखी है, उसका भी निरंतर परिवहन कार्य जारी है। बता दे कि कृषि विभाग द्वारा मूंग-उड़द खरीदी के पंजीयन के लिए जिले में 34 पंजीयन केन्द्र बनाये थे, वहीं 22 खरीदी केन्द्रों पर मूंग की खरीदी की जा रही है।

#### इनका कहना

जिले के 5198 किसानों ने मूंग-उड़द बेचने के लिए पंजीयन कराया था, जिसमें से 4606 किसानों ने स्लार्ट बुक किए है, वहीं अभी तक 4118 किसानों से मूंग खरीदी गई है।

- डॉ. आनंद बडोनिया, उप संचालक, कृषि विभाग, बैतूल

किसानों को करीब 102 करोड़ 1 लाख का भुगतान हो चुका है। वहीं 63 करोड़ के ईपीओ जनरेट किये गये है। जैसे-जैसे-जैसे डब्ल्यूएचआर बनते जा रहे है, वैसे-वैसे किसानों का भुगतान हो रहा है।

- राधेश्याम निगम, जिला विपणन अधिकारी, बैतूल

### जिम्मेदार सो रहे मौज की नींद

## भौंरा के निजी स्कूल में बोलेरो वाहन से बच्चों का परिवहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा

नगर में स्थित लिटिल एंजेल प्राइवेट स्कूल में स्कूली बच्चों के परिवहन को लेकर एक मामला सामने आया है, जिसमें एक बोलेरो गाड़ी से बिना कमर्शियल परमिट के बच्चों को लाने-ले जाने की बात कही जा रही है। इस पर जहां कुछ अभिभावकों ने चिंता जताई है, वहीं स्कूल प्रबंधन ने इसे अस्थायी व्यवस्था बताया है।

यह मामला सामने आने के बाद स्थानीय प्रशासन, परिवहन विभाग और पालकों के बीच बच्चों की सुरक्षा को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्कूल प्रबंधन द्वारा बच्चों के लाने-ले जाने में जिस बोलेरो वाहन का उपयोग किया जा रहा है, वह निजी उपयोग के लिए पंजीकृत है और उस पर सफेद नंबर प्लेट है। वाहन पर स्कूल वेन अंकित नहीं है और वाणिज्यिक परमिट भी उपलब्ध नहीं है। इसके अलावा सुरक्षा सुविधाएं जैसे फर्स्ट एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र, स्पीड गवर्नर, सीट बेल्ट आदि भी वाहन में मौजूद नहीं बताए जा रहे हैं। परिवहन विभाग और शिक्षा विभाग द्वारा 2017 में जारी दिशानिर्देशों और मोटर वाहन अधिनियम 1988 के अनुसार स्कूली बच्चों के परिवहन हेतु केवल कमर्शियल परमिट वाले पीली नंबर प्लेट वाहनों का उपयोग किया जा सकता है। वाहन पर स्कूल वेन लिखा होना चाहिए। चालक के पास व्यावसायिक लाइसेंस और कम से कम 5 वर्षों का अनुभव होना चाहिए। वाहन में सुरक्षा उपकरण और प्राथमिक चिकित्सा किट अनिवार्य हैं।

#### अभिभावकों की चिंता

बच्चों के पालकों ने इस स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि हम बच्चों



को यह मानकर स्कूल भेजते हैं कि उनकी सुरक्षा का समुचित ध्यान रखा जाएगा, लेकिन निजी वाहन का इस प्रकार उपयोग नियमों के विरुद्ध है। यदि कोई दुर्घटना होती है, तो जिम्मेदारी किसकी होगी? कुछ पालकों ने यह भी कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में संसाधनों की कमी को देखते हुए अस्थायी व्यवस्था समझ में आती है, लेकिन इससे सुरक्षा से समझौता नहीं होना चाहिए। स्कूल प्रिंसिपल मानव शुक्ला ने बताया कि हम बच्चों की संख्या कम होने और संसाधनों की सीमितता के कारण अस्थायी रूप से निजी बोलेरो वाहन का उपयोग कर रहे हैं। हम किसी भी तरह की लापरवाही नहीं चाहते और बच्चों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। यदि विभाग द्वारा दिशा-निर्देश जारी किए जाते हैं, तो हम उनका पालन करेंगे।

#### इनका कहना है

बिना परमिट स्कूली बच्चों का परिवहन मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन है। हमने इस मामले को गंभीरता से लिया है और वाहन की जांच के निर्देश दिए हैं। नियमों के विरुद्ध पाए जाने पर संबंधित वाहन के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी तथा स्कूल प्रबंधन से भी स्पष्टीकरण मांगा जाएगा।

अनुराग शुक्ला, जिला परिवहन अधिकारी, बैतूल

### जिला पंचायत ने दिया प्रशस्ति पत्र एवं प्रोत्साहन राशि का चेक

## ग्राम पंचायत कामथ को मिला जिला उन्नति सूचकांक में तृतीय स्थान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मूलताई

पवित्र नगरी सीमा से लगी ग्राम पंचायत कामथ चिखली खुर्द को पंचायत में उत्कृष्ट कार्यो के लिए संपूर्ण जिले के उन्नति सुचकांक (पीएआई 1.0) के लिए जिले में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। जिला पंचायत क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली पंचायतो के सरपंचों को जिला पंचायत बैतूल में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र एवं प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान किया गया। जिला पंचायत सीईओ अक्षत जैन एवं जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार ने ग्राम पंचायत कामथ चिखली खुर्द की महिला सरपंच पुष्पा अभिलेश जीतु डहारे को कामथ ग्राम पंचायत समग्र विकास सूचकांक पर अग्रसर होने पर प्रशस्ति पत्र भेंट किया और इसके साथ ही प्रोत्साहन राशि 5100 रुपए का चेक प्रदान किया । जिला भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के कोषाध्यक्ष जाफर पटेल ने ग्राम पंचायत कामथ को विकास क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए जिले में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर ग्राम सरपंच एवं पंचों को शुभकामना देते हुए कहा कि उपलब्धि में संपूर्ण ग्राम की सहभागिता शामिल है सरपंच एवं ग्राम वासियों के सहयोग से ही कामथ पंचायत जिले में तृतीय स्थान प्राप्त कर सकी है। ग्राम सरपंच पुष्पा जीतू डहारे ने ग्राम पंचायत की इस उपलब्धि को संपूर्ण ग्राम वासियों और पंचों की उपलब्धि बताते हुए कहा कि सभी के सहयोग का नतीजा है कि विकास कार्य में जिले के सभी प्रमुख नेताओं और कामथ पंचायत की जनता का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ है यही कारण है कि कामथ पंचायत जिले के विकास सूचकांक में तृतीय स्थान प्राप्त कर सकी है। ग्राम सरपंच ने कहां की ग्राम स्वराज के सपने को सहाकार करने के लिए भविष्य में भी सभी का सहयोग प्राप्त होगा ऐसी में कामना करती हूं।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने नपा में सजाई तिरंगा रंगोली

**सारणी।** नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा हर घर तिरंगा अभियान की शुरूआत बुधवार से ही कर दी गई है। इस अभियान के तहत लोगों को अपने घरों, प्रतिष्ठानों में तिरंगा लगाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। अभियान के तहत गुरूवार को नगर पालिका कार्यालय में तिरंगा थीम पर पर रंगोली सजाओ स्पर्धा हुई। इसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने रंगोली सजाई। कार्यक्रम की शुरूआत दोपहर 1 बजे हुई। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी.के. मेश्राम ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत 15 अगस्त तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। गुरूवार को रंगोली सजाओ स्पर्धा हुई। इसमें नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, पार्षद योगेश वर्डे के अलावा अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित हुए।नगर पालिका कार्यालय में सारनी, पाथाखेड़ा एवं शोभापुर सेक्टर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने तिरंगा थीम पर रंगोली सजाई। कार्यालय के हाल एवं आंगन में आकर्षक रंगोली सजाई गई। इस अवसर पर सारनी परियोजना अधिकारी संगीता धुर्वे, रश्मि अकोदिया उपस्थित रहीं। अभियान के तहत 8 अगस्त को आंगनबाड़ी केंद्रों में रंगोली और राखी बनाओ स्पर्धा होगी। इसी दिन नपा द्वारा नपा कार्यालय, जय स्तंभचौक, नगर पालिका उप कार्यालय, शहीद स्मारकर, आनंद परिसर पर आकर्षक लाइटिंग की जाएगी। 11 अगस्त को मानव श्रंखला निर्माण, साइकिल रैली का आयोजन कन्या स्कूल बाजार सारनी से बाजार चौक, स्टेट बैंक, जय स्तंभ होते हुए नपा तक किया जाएगा। बाइक रैली तिरंगा थीम पर 12 अगस्त को आयोजित होगी। जो आनंद परिसर बगडोना से शॉपिंग सेंटर सारनी होते हुए शहीद स्मारक पर पहुंचेगी। स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम 13 अस्त को शहीद स्मारकों पर होगा।

### जिम्मेदारों की अनदेखी से हालात हो रहे अस्त-व्यस्त

## नगर परिषद शाहपुर की लचर व्यवस्था से व्यापारी और नागरिक दोनों परेशान

**शाहपुर।** नगर में साप्ताहिक हाट बाजार बुधवार के दिन बस स्टैंड के पीछे लगता है। जिसके कारण बाजार में व्यापार करने वाले व्यापारी और सब्जी खरीदने वाले ग्राहक सभी बस स्टैंड पर उपस्थित दुकानों के समक्ष अपने दो पहिया और चार पहिया वाहन खड़े कर देते हैं। जिससे व्यापारी और ग्राहक दोनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शाहपुर नगर परिषद बने लगभग 3 साल हो चुके हैं परंतु नगर परिषद शाहपुर के अधिकारियों के कान पर जु भी नहीं रेंगती।

नागरिकगण और व्यापारियों सभी ने वाहन पार्किंग की व्यवस्था एवं हॉट बाजार में घूम रहे आवारा पशु को लेकर नगर परिषद से मौखिक रूप से निवेदन अनेकों बार कर लिया है। परंतु पशु मालिकों पर भी कोई कार्रवाई नजर नहीं आती।



इस संबंध में नगर परिषद अधिकारी शाहपुर अरुण श्रीवास्तव से बात की, तो उन्होंने बताया की नगर परिषद के पास पार्किंग बनाने के लिए जगह नहीं है। परंतु नागरिकों का कहना है कि अगर नगर परिषद के पास पार्किंग के लिए जगह नहीं है, तो कम से कम उनके लिए उचित पार्किंग व्यवस्था अस्थाई रूप से बनाई जाए। और लोगों को और व्यापारियों को इस समस्या से निजात दिलाई जाए। इसके अलावा बस स्टैंड पर आने जाने वाली यात्री बसों में जो प्रेशर हॉर्न लगे हुए हैं। उन बसों पर विधिवत कार्रवाई नियम अनुसार की जाए।

क्योंकि यह बस के ड्राइवर बस स्टैंड के अंदर बस को तो तेज गति से लेकर आते हैं। साथ ही हॉर्न भी बहुत तेज बजाते हैं।

### ग्राउंड से निकलने वाले लोग परेशान

## कचरे के ढेर में तब्दील हुआ ग्राउंड, प्रशासन बना मौन



**सारणी।** रानी लक्ष्मी बाई वार्ड नंबर 3 के ग्राउंड में फैले कचरे ओर दुर्गंध से परेशान लोग और राहगीर ग्राउंड में लगातार बढ़ रही गंदगी और कचरे की समस्या अब चिंता का विषय बन चुकी है। यह ग्राउंड पहले बच्चों और युवाओं की खेल गतिविधियों से भरा रहता था। लेकिन आजकल गंदगी और कचरे के ढेर में बदल चुका है। ग्राउंड में चारों तरफ प्लास्टिक, बोतलें, खाना-पानी के पैक और अन्य कचरा फैला हुआ है।ओर इससे न केवल दुर्गंध फैल रही है बल्कि मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार नागपालिका से शिकायत की है, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्राउंड की साफ-सफाई महीनों से नहीं हुई है, जिससे बच्चों को खेलने में परेशानी हो रही है। वहीं रहने वाले नागरिक योगेश पंड्या ने बताया कि ग्राउंड में चारों तरफ कचरा फैला रहता है जिसे साफ करने वाला कोई नहीं है स्वच्छता अभियान के नाम पर लाखों रुपए इधर के उधर हो जाते हैं लेकिन यह कचरा जस का तस बना हुआ है।

#### इनका कहना है

हम वार्ड नंबर 01 और 36 देखते हैं, बाकी सभी वार्ड सिविल विभाग के द्वारा देखा जाता है।

**सीके मेश्राम**, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सारणी,

हम कोई ग्राउंड साफ करने का कार्य नहीं करते हैं।

**राजेंद्र कुमार सोनी**, कार्यपालन अभियंता सिविल, सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारणी


### टूट रहा फर्स, जर्जर हुई नेट, चिथड़ों में तब्दील हुई मेट

## 40 लाख की लागत से बना इंडोर बैडमिंटन हाल बदहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

नगर पालिका लाखों रुपए खर्च कर विकास कार्य कराती है और फिर उसे भूल जाती है नतीजा चंद समय में ही विकास गायब हो जाता है।

इन विकास कार्यों के रखरखाव के प्रयास क्यों नहीं होते तो इसका उत्तर है नगर पालिका का सरोकार निर्माण के भुगतान तक ही सीमित होता है और इसका नतीजा है कि मुलताई नगर में अनेक भवन उपयोग के बगैर ही खंडहरों में बदल गए और हाल ही में इसका दूसरा उदाहरण नगर का एकमात्र इंडोर बैडमिंटन स्टेडियम होने जा रहा है। रखरखाव एवं मेंटेनेंस के अभाव में 40 लाख 40 हजार रुपए की लागत से बना बैडमिंटन हॉल आज बदहाली का शिकार है। महज कुछ सालों में ही हॉल की हालत ऐसी हो गई है कि स्टेडियम में खिलाडियों का खेलना कठिन हो रहा है। अनेक खिलाड़ी अपने पैसों से छोटी-मोटी मरम्मत करा कर इस बैडमिंटन हाल को खेलने लायक बनाते हैं खिलाड़ी बताते हैं कि जिस फ्लोरिंग (मैट/कोर्ट की सतह) पर खिलाड़ी अभ्यास करते हैं, वह बुरी तरह फट और उखड़ चुकी है। खिलाडियों का कहना है कि यह सतह अब खेलने लायक नहीं बची है। मगर कोई देखरेख या मरम्मत की व्यवस्था नहीं है। मजबूरन बच्चे और युवा खिलाड़ी टेप लगाकर जगह-जगह उसे जोडने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि अभ्यास जारी रह सके।



नगर के एसडीओपी बंगले के पास बने इस हॉल का निर्माण नगर पालिका अध्यक्ष हेमंत शर्मा के कार्यकाल में हुआ था तब इसे नगर के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा था किंतु निर्माण प्रारंभ हुआ तो गुणवत्ता पर सवाल भी उठे किंतु हमेशा की तरह ना तो तब कुछ हो पाया था और ना अब कुछ हो पाएगा और नगर की एक और खेल उपलब्धि समाप्त हो जाएगी।

#### गंदगी का अंबार नहीं होती सफाई

बैडमिंटन हॉल में जगह-जगह से निकल रहा प्लास्टर, नीचे टूट रहा फर्स और चिथडो में तब्दील हो गई मेट की बात तो दूर है नगर पालिका हॉल के भीतर फैली गंदगी हटाकर सफाई करना तक आवश्यक नहीं समझती जिसको लेकर खिलाडय़ों में रोष है। लाखों रुपए की लागत से बने इस हॉल को नियमित देखरेख नहीं मिलने के कारण यह बर्बादी की कगार पर है। अगर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो यह हॉल भी एक और सरकारी उजड़ा स्मारक बनकर रह जाएगा।

#### इनका कहना है

इससे संबंध में अभी कोई शिकायत पत्र प्राप्त नहीं हुआ है फिर भी खिलाडियों से चर्चा कर आवश्यक सुधार कार्य जाएंगे।

- **महेश शर्मा**, उपयंत्री नगर पालिका मुलताई

### जिले के समस्त मंडल में आयोजन

## संगठनात्मक 30 मण्डल में निकलेगी तिरंगा यात्रा

**बैतूल।** भाजपा स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान चलाएगी। जिले के सभी संगठनात्मक 30 मंडलो में तिरंगा यात्राएं निकली जाएगी। स्वतन्त्रता आंदोलन से जुड़े ऐतिहासिक स्थलों एवं शहीद स्मारकों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। भाजपा जिला मीडिया सेंटर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि गुरूवार को जिले के सभी संगठनात्मक 30 मंडलो में तिरंगा यात्रा को लेकर मंडल बैठके संपन्न हुई। बडोरा, दुनावा और मुलताई नगर मंडल की बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पवार ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमन्त खण्डेलवाल जी के मार्गदर्शन में हर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ 10 अगस्त से किया जा रहा। इस अभियान में कार्यकर्ता जुट गए है। 10 अगस्त से 15 अगस्त तक पूरे जिले भर में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाएगा। 10 अगस्त से 13 अगस्त तक मंडल स्तर पर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। 14 अगस्त को भारत विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर जिला केंद्र पर मौन जुलूस निकालने के साथ प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। तिरंगा यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में आम जनता और विभिन्न संगठनों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी। अभियान की सम्पूर्ण जानकारी देते हुए भाजपा जिला महामंत्री एवं तिरंगा यात्रा के जिला संयोजक कमलेश सिंह ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान 3 चरणों मे सम्पन्न होगा। 10 से 13 अगस्त तक सभी संगठनात्मक 30 मण्डलों में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। 12 से 14 अगस्त तक जिले भर में शहीद स्मारकों और स्वतंत्रता आंदोलन से जुडे महत्वपूर्ण स्थलों के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। 13 से 15 अगस्त तक प्रदेश के सभी घरों, प्रतिष्ठानों पर आम नागरिक और पार्टी कार्यकर्ता तिरंगा लहरायेंगे एवं 15 अगस्त को झंडा फहराने के बाद शाम को सम्मानपूर्वक उतारना तय करेंगे। पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व सभी कार्यकर्ता अभियान को सफल बनाने जुट गए हैं। सहसंयोजक भास्कर मागरदे एवं ममता मालवी ने कार्यकर्ताओ, सामाजिक संगठनों एवं देश भक्त नागरिकों से तिरंगा यात्रा एवं अभियान को सफल बनाने की अपील की है।

## संक्षेप खबर

### बीएसएनएल की सेवा से परेशान उपभोक्ता

**सोहागपुर।** क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से बीएसएनल की सेवा बाधित है। दिन में कई कई बार बीएसएनल का नेटवर्क गड़बड़ हो जाता है। इस समस्या के कारण उपभोक्ताओं को बहुत परेशानी होती है। गुरुवार को भी दिन में कई बार बीएसएनल का नेटवर्क आता जाता रहा। जिसके कारण बीएसएनएल के निजी सिमधारी उपभोक्ता बहुत परेशान हुए। वहीं उन शासकीय कार्यालयों में कार्य प्रभावित हुए जहां ऑनलाइन कार्य के लिए विभागों की निर्भरता बीएसएनएल के कनेक्शन पर आधारित है। आम नागरिकों ने बीएसएनएल कंपनी अधिकारियों से सुविधा की सतत बहाली की मांग की है।

### राहुकाल के साये में होगा रक्षाबंधन, बना संयोग

**पिपरिया।** रक्षाबंधन का त्योहार 100 साल बाद इस बार भद्रा का साया नहीं होगा वहीं दिन भर रखी बांध सकेंगे। इस बार राखी पर्व 100 सालबाद भद्र का प्रभाव नहीं होगा। इस दुर्लभ संयोग को लेकर अलग-अलग लोगों के मत हैं रक्षाबंधन का पर्व हर साल सावन माह की पूर्णिमा तिथि को मनायाजाता है। जो भाई बहन के रिश्ते को मजबूत करता है। शास्त्रों के मुताबिक इस साल खास बात यह है कि राखी परभद्र का साया नहींहोगा। 100 साल बाद यह संयोग बन रहा है।

### अवैध पार्किंग व अस्थाई दुकानों ने रोके शहर के अंदरूनी रास्ते

# दशकों पुराने पैटर्न पर लगता नगर का आम व हाट बाजार, होती है परेशानी

शहरी बाजार दशकों पुराने पैटर्न पर लगता है। कितनी ही परिषदें नगर निकाय में आईं-गईं, लेकिन शहर का बाजार व्यवस्थित नहीं कर सकीं। जिसके कारण त्योहारी सीजन में अस्थाई दुकानों की यकायक बढ़ने वाली संख्या तथा मनमानी पार्किंग बाजार में आवाजाही बाधित करती है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

गुरुवार को शहर में हाट बाजार का दिन रहा, और यह रक्षाबंधन पर्व के पहले का अंतिम हाट बाजार था। जिसके कारण ग्राहकी अन्य हाट बाजार दिवसों की अपेक्षा तेज रही। राखी दुकानों सहित अस्थाई दुकानें ठीक सड़कों पर लगाई गईं। जिसे जहां जगह मिली उसने वहीं अपना वाहन पार्क कर दिया तथा बाजार से लगे शहर के अंदरुनी रास्तों पर आवाजाही बाधित होती रही।



#### नागरिकों में नाराजगी

उल्लेखनीय है कि दशकों पुराने पैटर्न पर संचालित होते बाजार को लेकर नागरिकों में सदैव नाराजगी रहती है। हाट बाजार की बिगड़ी व्यवस्था पर भी शहरवासियों ने सोशल मीडिया पर प्रशासन को घेरा। आशीष डोनीवाल ने बाजार में बाधित रास्ते की तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट की। प्रदीप दुबे के अनुसार श्रीराम चौक से बिहारी चौक तक स्थिति खराब है, जहां लोग मनमानी वाहन पार्किंग करते हैं। कुलदीप साहू की मांग है कि नपाधिकारी व कर्मचारी त्यौहारी बाजार में सक्रिय रहें और पुलिस भी उपस्थित रहे। ताकि महिलाएं तथा बालिकाएं सुरक्षित रहें।

#### व्यवस्था बनाने में नाकाफी है पुलिस की व्यवस्था

टीआई उषा मरावी ने रक्षाबंधन बाजार के चलते पुलिस तैनात की है। चार-पांच पुलिसकर्मी बाजार में भ्रमणकर बाजार में सुरक्षा व्यवस्था देख रहे हैं। लेकिन अस्थाई दुकानों व अवैध पार्किंग से होती आवाजाही की बाधा यथावत है। पुलिसकर्मी मुख्य रूप से सराफा बाजार क्षेत्र में सक्रिय रहते हैं, जहां अप्रिय स्थिति बनने की संभावना अधिक रहती है। लेकिन नागरिकों की मांग है कि बाजार से लगे सभी रास्तों पर एक पुलिसकर्मी तथा दो नपकर्मी तैनात किये जाने चाहिए। जो अस्थाई दुकानें सीमित क्षेत्र में लगवाएं तथा अवैध पार्किंग बाजार में होने ही ना दें।



## जला ट्रांसफार्मर तो किसानों ने किया सीधा कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत राय खेड़ी में बिजली चोरी का मामला बढ़ता ही जा रहा है। बिजली विभाग से सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत के लोगों पर लगभग 36 लाख रुपया बकाया है। जो अभी तक ग्राम वालों के दारा जमा नहीं किया गया है। अक्सर किसान बिजली चोरी कर रहे है। वर्तमान समय में राय खेड़ी के दो टरांसफार्मर जल चुके हैं। जिनके कारण आधा गांव अंधेरे मेंहै। लेकिन किसानोंके द्वारा बिल जमा नहीं किया जा रहा है। ग्राम केकुछ लोगों के द्वारा बिजली का बिल जमा किया जाता है। शेष लोगों के द्वारा जमा नहीं किया जाता है। बिजली विभाग से प्राप्त जानकारीके अनुसार किसानों के द्वारा बिजली बिलजमा नहीं किया गया है। इसलिए ट्रांसफार्मर नहीं दिया जा रहा है। उपमहा प्रबंधक दिनेश भदोरिया ने बताया कि बिजली काबिल जमा नहीं किया जा रहा है। बगैर बिजली बिल के जमा किए ट्रांसफार्मर देना संभव नहीं है।

लेकिन अभी किसानों के दारा ग्रामपंचायत के पीछे हायरसेकेंडरी स्कूल परिसर में नल जल योजनाके अंतर्गत ट्रांसफार्मर भी रखवाया गया है। जिससे लोगों कोपीनेलिए पानीदिया जाता है। लेकिन आसपास के किसानोंके द्वारा ग्रामपंचायत सरपंच सचिव रोजगार सहायक कि बगैर अनुमति के तथा बिजली विभाग की बगैर अनुमति के सीधे तारडालकर दिनदहाड़े बिजलीकी चोरी की जा रही है। ऑपरेटर को डरा धमका कर सीधे तारडाल लिए गए हैं। और बिजलीचोरी किया रही है लेकिनबिजली बिल जमा नहीं किया जा रहा है। बिजली विभाग को सरपंच पति फलंदर पटेल के द्वारा जानकारी देने के बाद भी बिजली विभाग नहींकार्यवाही नहीं कर रहा है ऐसा प्रतीत होता है कि लाइनमैन एवं अधिकारीशामिल है। इसलिए हीबिजली चोरी नहीं पकड़रहे हैं। और ना हीपप्रकरण तैयार कर रहे हैं। सरपंच पति फुलंदर पटेल ने बताया कि उनके दारा जिनलोगों ने कनेक्शन लिएहै। उन्हें मना कर दिया गयाहै लेकिन उसके बाद भी वह लोग नहीं मान रहे है। सीधे तारडालकर आसपास के सभी लोग खेतों में पानी ले रहे हैं।

## ग्रामीण अंचलों में तिरंगा यात्रा 13 अगस्त को निकाली जाएगी, हर घर लहराएगा तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद

नगर में हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत स्वतंत्रता-दिवस पर राष्ट्रध्वज तिरंगे को सम्मान सहित सेमरी हरचंद समेत आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में भी प्रत्येक घर में तिरंगा फहराने को लेकर क्षेत्र के विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह ने भाजपा मंडल सेमरी हरचंद के कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर उन्हें हर घर तिरंगा अभियान का महत्व समझाया। बैठक में पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा ने हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत कार्यकर्ताओं से स्वतंत्रता दिवस की अवसर पर राष्ट्रध्वज को सम्मान सहित फहराने की बात कही इस अवसर पर कार्यकर्ताओं द्वारा 13 अगस्त को सुबह 11:00 बजे रामलीला मैदान से स्थानीय ग्राम पंचायत तक तिरंगा यात्रा निकालने का कार्यक्रम तय किया गया जिसमें आकर्षक झांकियां सजाई जाएगी एवं मानव श्रृंखला भी बनाई जाएगी एवं तिरंगा यात्रा सेमरी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम वासियों की भी भागीदारी रहेगी।

कार्यक्रम में सरपंच चेतन मीना मंडल अध्यक्ष योगेश मलवीय, राघव पटेल, पप्पू कुशवाहा लखन मीणा बृजमोहन मीना,दिनेश नामदेव मनमोहन अग्रवाल धनीराम मौर्य रवि शंकर सोनी अंकित कुमरे , चंदन पटेल,उदित मीना ,आशुतोष तिवारी, सूरज मालवीया समेत बड़ी संख्या मे कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## नगर परिषद ने खरीदी एक लाख से एलईडी लाइट्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर नगर परिषद द्वारा शहर में स्टेट हाईवे व अंदरूनी मार्ग रात्रि में रोशन करने के लिए नई एलईडी लाइट्स क्रय की गई हैं। जल्द ही यह सभी नई लाइट्स शहर में लगाई जाएंगी। सोहागपुर नगर परिषद सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा के कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार लगभग एक लाख रुपए लागत से 50 एलईडी क्रय की गई हैं। ये सभी एलईडी शहर में स्टेट हाईवे सहित अंदरुनी मार्गों के पोलों पर लगाई जाएंगी। ताकि सभी रास्ते रात्रि में रोशन हो सकें। नगर परिषद से अमित परसाई, नीरज मलैया आदि ने बताया कि एलईडी लाइट्स की संख्या बढ़ाई जाएगी, ताकि शहर के सार्वजनिक स्थल, कॉलोनियां तथा शहर के अंदरूनी स्थान एलईडी की दूधिया रोशनी से रोशन हो सकें। नगर परिषद अध्यक्ष लता यशवंत पटेल के प्रयासों से शहर में आगामी समय में और अधिक संख्या में एलईडी लाइट्स लगाने की तैयारी निकाय द्वारा की जा रही है।



## भारतीय किसान संघ का एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग संपन्न, दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा



भारतीय किसान संघ सिवनी मालवा का एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग सरदार वल्लभ भवन सिवनी मालवा में सम्पन्न हुआ जिसमें सर्वप्रथम भारत माता और भगवान बलराम जी का पूजन एवं गीत के साथ प्रथम सत्र प्रारंभ हुआ। जिसमें

भारतीय किसान संघ की संकल्पना, रीति नीति, किसानों के भाव,पीड़ा व्यक्त करना,कार्यकर्ता को कार्य करने के लिए प्रेरित करना, कार्यकर्ता में विनम्रता लाना, नशे से दूरी,राष्ट्र का हित किसानों का हित होगा संघ में कार्य करने कि कार्यपद्धति मैं सबसे पहले गांव ईकाई का गठन इसके बाद तहसील, जिला, प्रदेश एवं राष्ट्रीय की कार्यकारिणी का गठन किया जाता है वहीं दूसरे सत्र में भारतीय किसान संघ कि ग्राम ईकाई में नियमित एवं नेमैतिक कार्य ग्राम ईकाई समितियों का गठन, ईकाईयों में होने वाली बैठक की बैठक व्यवस्था,अतिशय गहन चर्चा के बाद किसानों और कृषि-मजदूरों के लिये व्यापक हित में राष्ट्रीय स्तर पर कार्य करनेवाली एक गैर राजकीय संघटना की जरूरत आंकी गई। किसानों के प्रतिनिधियों के इस भावना को मूर्त रूप देते हुए दत्तोपंत ठेंगडी ने 4 मार्च 1969 को भारतीय किसान संघ के स्थापना की घोषणा की। एकदिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में प्रांतीय अध्यक्ष सर्वज्ञ दीवान, प्रांतीय सदस्य जगदीश पाटिल, वरिष्ठ पदाधिकारी सूरज बली जाट, संभागीय उपाध्यक्ष ओमप्रकाश उपाध्यय, संभागीय मंत्री देवेन्द्र पटेल, संभागीय सहमंत्री मंगल सिंह पटेल, संभागीय सदस्य गुलाब सिंह लौवंशी, जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह राजपूत, जिला मंत्री शंकर सिंह पटेल तहसील अध्यक्ष रामेश्वर जाट एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अब आजादी के पर्व पर भी होगा प्रतिभाओं का सम्मान

**इटारसी।** अब तक लोकतंत्र के पर्व 26 जनवरी को गांधी मैदान के मुख्य समारोह में प्रतिभाओं को नगर पालिका सम्मानित करती रही है। नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने इस वर्ष से एक नयी पहल की है। अब शहीद स्मारक जयस्तंभ चौक पर होने वाली स्वतंत्रता दिवस समारोह में भी प्रतिभाओं को सम्मानित करने का निर्णय लिया है। स्वतंत्रता दिवस 2025 पर गौरवमयी सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। नपा इटारसी द्वारा इसके लिए प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं। नपा इटारसी संघ लोक सेवा आयोग, मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, जेईई, नीट, आईबीपीएस, कर्मचारी चयन आयोग, सीए, सीएस, एनडीए, सीडीएस सहित अन्य राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाएं, प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में चयनित होनहार युवाओं का सम्मान समारोह आयोजित करेगी।

## कोर्ट चौराहे पर अघोषित आटो स्टैंड, भीड़ से परेशान होते लोग



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

सोहागपुर ब्लॉक के गांवों की सवारी ढोते आटो का अघोषित स्टेंड सिविल कोर्ट के समीप तय हो गया है। अधिकारियों की जानकारी के बिना अघोषित स्टैंड तक आटो आते-जाते हैं। सदैव यहां सवारियों की भीड़ रहती है तथा आसपास के रहवासी तथा व्यापारी भीड़ से परेशान होते हैं। क्योंकि कई यात्री शराब के नशे में गाली गलौज करते हैं। और नागरिकों को इस परेशानी से छुटकारा नहीं मिल पा रहा है।

## वेयरहाउस में खरीदी जा रही अमानक मूंग पर शिकायत के बाद भी अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



सरकार केदारा लगातार एक माहसे समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीदी की जा रही है। 8 अगस्त को मूंगखरीदी की अंतिम दिनांक होनेकोलेकर और दिनांक बढ़ाने के लिए हुआ है। तो वहीं पर दूसरी तरफ कुछ वेयर हाउसस चालक झाडन खरीद रहे है तो कहीं सर्वेयर भी झाड़न आदि खरीद रहे हैं और समर्थन मूल्य पर बैंच रहे हैं । किसी किसानकी सलाट बुकिंग निकाली जा रहीहै। कई बार किसान धरने पर बैठचुके हैं। पडरखा का वेयरहाउस सील हो चुका है। लेकिन उसके बाद भी कोईठोस कार्यवाही पिपरिया विधानसभा के अधिकारी नहीं कर पा रहे हैं। सेवा सहकारी समिति तरुण कला में पदस्थ सर्व दुर्गेश विश्वकर्मा केदआरा 5 अगस्त को झाडन के साथ अमानक मूंग दाल सहित अन्य घटिया किस्म मूंग वेयरहाउस संचालक की सहमति से समर्थन मूल्य पर बीचदिया गया। तथा एक महिला डॉक्टर कीभी इसी तरह से अमानक मूंग बीचदी गई। याद रहे कि सरवेयरके द्वारा किसानों से एक माह से लगातार पैसे लिएजा रहे हैं। अधिकारियों के द्वारा अभी तककोई कार्यवाही नहींकी गई दुर्गेकाकहनाहै २लाख रूपे देकर सर्वेयर बने हैं तथा अन्य अधिकारियोंकी भी सेवा करनी पड़ती है। पडरखा वेयरहाउस सील होने के बा शेखर वेयर हाउस में खरीदी प्रारंभ कराई गई लेकिन उचित नहीं हो सकी। शारदा वेयरहाउस सेमरी रणधीर की खरीदी इशिता वेयरहाउस रायखेड़ी रोड वह दी गहै। लेकिनवेयर हाउस संचालक दिनेश प्रजापति के द्वारा अमानक मूंग खरीदी जा रही है। इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी अनीशा श्रीवास्तव वरिष्ठअधिकारी निराली आर्य डबल लाक प्रबंधक भारत सिंह निमोदा को सूचना देनेके बाद भी यह लोग हमेशा की तरह तरौनकला सहकारी समिति तरौनकला के केंद्र पर नहीं पहुंचे सरवेयर के द्वारा अपना कचरा तुलवा दिया गया।

### जीनियस प्लेनेट स्कूल में आयोजित तिरंगा राखी एक्टिविटी



**इटारसी।** रक्षाबंधन के अवसर पर जीनियस प्लेनेट स्कूल में राखी की एक्टिविटी आयोजित की गई। इस एक्टिविटी को विशेष बनाने के लिए तिरंगा कलर को शामिल किया गया। स्कूल प्राचार्य मनीता सिद्दीकी ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस आ रहा है,साथ ही राखी भी है। इन दोनों अवसर पर राखी पर तिरंगा कॉन्सेप्ट पर एक्टिविटी आयोजित की गई। इस एक्टिविटी क्रो कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने अपने पूरे जोश के साथ की। जिसमें राखियां बनाई गई, नारियल सजाएं, थाली सजाई, गिफ्ट बनाए, घर को सजाने के लिए सजावट के आइटम बनाए। साथ ही कक्षा 6 वी से 12 वी के चयनित विद्यार्थियों के द्वारा ड्राइंग भी बनवाई गई, जो राखी पर तिरंगा३ विषय पर आधारित रही। जिसमें विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक ड्रॉइंग पेंटिंग बनाते हुए अपनी कला का प्रदर्शन किया। एक्टिविटी को सफलतापूर्वक आयोजित करने में स्कूल शिक्षक शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग रहा।

## शराब बिक्री पर रोक लगाने ग्राम की महिलाएं पहुंची थाने



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

ग्राम पीलीकरार की एक दर्जन महिलाएं एवं ग्राम वासी गांव में कच्ची शराब बना कर बेचने वालों एवं शराब बिक्री बंद करने के लिए लिखित आवेदन लेकर थाने पहुंचे थाना प्रभारी मदनलाल पवार को परेशानी बताते हुए महिलाओं ने कहा हमारे ग्राम में 10-15 लोग शराब बनाकर बेचने का काम कर रहे हैं और ग्राम वासियों को कच्ची शराब सस्ते दामों पर बेच रहे है लोग शराब पीकर गांव में गंदी-गंदी गालियां बकते रहते है यह लोग स्कूल के -छोटे छोटे बच्चों को भी शराब की लत लगा रहे हैं गांव का माहौल खराब कर रहे हैं इन लोगो से शराब बेचने की मना करते हैं तो यह लोग गाली गलौज करते हैं और मारपीट करने पर आमादा हो जाते हैं।

टी आई मदनलाल पवार ने ग्रामीणों से कहा कच्ची शराब बनाने वालों पर एवं जो भी गांव की शांति भंग करेगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### सब्जी मंडी में व्यवस्थाएं दुरुस्त करने नपाध्यक्ष ने की चर्चा

# निर्धारित स्थल पर ही बैठें सब्जी विक्रेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने गुरुवार को अपने साथी पार्षदों और वरिष्ठ नेता विश्वनाथ सिंघल के साथ सब्जी मंडी की व्यवस्थाओं को लेकर पत्ती बाजार स्थित चौहान इंटरप्राइजेस पर चाय पर चर्चा की। इस अवसर पर पार्षद जिम्मी कैथवास, अमित विश्वास, कुंदन गौर, कैलाश रैकवार, लक्ष्मीनारायण चौहान आदि मौजूद रहे।शहर में सब्जी के चबूतरों के बावजूद सड़क पर सब्जी मंडी लगना एक गंभीर चिंता का विषय है। इटारसी जैसे शहर में, जहां यातायात व्यवस्था पहले से ही एक चुनौती है। वहां सड़क पर सब्जी की दुकानों से न सिर्फ यातायात बाधित होता है, बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ जाता है, और स्थानीय लोगों को भी परेशानी होती है।

#### यातायात बाधित

सड़क पर सब्जी मंडी लगने से सड़क संकरी हो जाती है, जिससे वाहनों की आवाजाही में बाधा आती है और जाम लगने की संभावना बढ़ जाती है। सड़क पर सब्जी बेचने से पैदल चलने वाले और वाहन चालकों दोनों के लिए खतरा बढ़ जाता है, खासकर जब लोग सड़क पर ही अपनी गाड़ियां पार्क करके सब्जियां खरीदते हैं। सब्जी मंडी के कारण सड़कों पर गंदगी और कचरा जमा हो जाता है, जिससे न केवल शहर की सुंदरता बिगड़ती है, बल्कि स्वच्छता भी प्रभावित होती है। सब्जी विक्रेता सब्जी का कचरा रोड पर ही छोड़कर चले जाते हैं।

#### लोगों को परेशानी

सड़क पर सब्जी मंडी लगने से स्थानीय लोगों को अपने घरों से निकलने और आने-जाने में परेशानी होती है। यह चिंता यह भी है कि कई पक्की दुकान वाले सब्जी वालों से पैसे लेकर अपनी दुकान के सामने ही उनको बिठा लेते हैं जिससे अव्यवस्था फैल जाती है। सब्जी मंडी में कई चबूतरे खाली हैं, लेकिन सब्जी वाले वहां नहीं जाते हैं। इस दौरान सुझाव आया कि नगर पालिका को चाहिए कि वह सड़क पर बैठने वाले सब्जी विक्रेताओं को निर्धारित स्थान पर भेजने की व्यवस्था करे।

#### विक्रेताओं का सहयोग

चर्चा के दौरान सब्जी विक्रेताओं से भी उम्मीद जतायी कि वे सहयोग करें और सड़क पर सब्जी बेचने से बचें। स्थानीय लोगों को भी जागरूक करना चाहिए कि वे सड़क पर सब्जी खरीदने से बचें और सब्जी मंडी में ही खरीदारी करें।

#### इनका कहना है

परिषद के सदस्य शहर की व्यवस्थाओं के लिए चिंता करते हैं, हमारा भी नागरिकों से अनुरोध है कि उपलब्ध संसाधनों से नगर पालिका व्यवस्था बनाने का प्रयास करती है, तो नागरिकों को भी इसमें सहयोग देना चाहिए।सड़क पर सब्जी न फेंके तो उनका सफाई और यातायात व्यवस्था में बड़ा योगदान होगा। **ऋतु मेहरा, सीएमओ**

## तिरंगा यात्रा को लेकर भाजपा नगर मंडल की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ शोभापुर

भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल इटारसी के तत्वावधान में आगामी तिरंगा यात्रा की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को आयोजित की गई। बैठक में नगर मंडल के सभी पदाधिकारीगण, कार्यकारिणी सदस्य, तथा वरिष्ठ कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे द्वारा की गई। बैठक में नगर मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे ने बताया सैनिकों के सम्मान में तिरंगा यात्रा नगर के समस्त नागरिकों समेत मुख्य मार्गो से निकलेगी बैठक का संचालन शैलेंद्र दुबे द्वारा किया गया। इस अवसर पर तिरंगा यात्रा की रूपरेखा, रूट प्लान, सुरक्षा, स्वागत-संमान, सजावट, जनभागीदारी और अनुशासन जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि तिरंगा यात्रा को ऐतिहासिक और जनसंपर्कमूलक बनाया जाएगा। सभी कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं ताकि आयोजन भव्य और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हो। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता विश्वनाथ सिंगल, भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री मुकेश चंद्र मैना, पूर्व मंडल अध्यक्ष नीरज जैन, महामंत्री शैलेंद्र दुबे, सौरभ मेहरा, उपाध्यक्ष गोपाल शर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष जागृति भदौरिया, उपाध्यक्ष संगीता मालवीय, मनोज शर्मा, कोषाध्यक्ष संजय राय चौधरी, नगर पालिका के पार्षद सभापति राकेश जाधव, अमित विश्वास, जिम्मी केठवास आदि मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**



## किसानों ने दिया तहसीलदार को ज्ञापन

**रहटगांव।** भारतीय किसान संघ तहसील रहटगांव ने कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन दिया। जिसमें मुख्य रूप से जिला सहकारी बैंक में किसानों के मूंग के पैनहीं मिलने का उल्लेख किया। किसान काफी परेशान है। यूरिया के लिए लंबी-लंबी लाइन लगी जा रही है। किसानों को यूरिया दिया जाए केवल वनवासी को ही दिया जा रहा है और बाकी किसानों को लाइन में लगे हैं उन किसानों को उनका नंबर आता है तब उनको लाइन से बाहर कर दिया जाता है। ज्ञापन देते समय मौजूद किसान और पदाधिकारी मौजूद रहे युवा भवानी संभागीय सदस्य विष्णु गौर तहसील मंत्री सियाराम गौर तहसील सदस्य अनिल गौर ,सह मंत्री दिनेश गौर ग्राम इकाई अध्यक्ष गुलाबचंद गौर, जीवन गौर मीडिया प्रभारी नंदलाल पटेल उपस्थित रहे।

## आंध्रप्रदेश के तीनों दोषी को 1-1 साल की सजा

**हरदा।** शुक्ला कॉलोनी में 6 महीने पहले दिनदहाड़े हुई लूट के मामले में न्यायालय ने तीन दोषियों को एक-एक साल की सजा सुनाई है। साथ ही सभी के ऊपर एक हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। मामला 18 फरवरी का है, जब रिटायर्ड रेलवे कर्मचारी सुखराम दमाड़े अपने बच्चे के इलाज के लिए स्टेट बैंक से 2 लाख 50 हजार रुपए निकालकर घर लौट रहे थे। दोपहर साढ़े 12 बजे दो युवक मोटरसाइकिल पर उनका पीछा करते हुए घर तक पहुंचे। आरोपियों ने चालाकी से 10 और 20 के नोट नीचे फेंककर बुजुर्ग से कहा कि उनके बैग से रुपए गिर गए हैं। जब सुखराम पैसे उठाने लगे तो बदमाशों ने उनकी बाइक पर टंगे झोले को निकालकर फरार हो गए। सिटी थाने में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने शहर के सीसीटीवी कैमरे और कंट्रोल रूम की फुटेज की जांच की। इससे आरोपियों की पहचान हुई। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने आंध्र प्रदेश के नेल्लूर जिले के तीनों आरोपियों, गोड्डेट्टी सलमा (53), डी. भावेश (20) और छल्ला प्रभुदास (31) को दोषी पाया। मीडिया सेल प्रभारी विनोद कुमार अहिरवार ने इस मामले की जानकारी दी।

## पेंशन हितग्राही 31 से पहले कराएं ई-केवायसी

**हरदा।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित सभी पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों को 31 अगस्त तक ई-केवायसी कराना अनिवार्य है। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने बताया कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुँचाने तथा अपात्र हितग्राहियों को हटाने के लिये सभी हितग्राहियों का ई-केवायसी होना अनिवार्य है। उन्होने सभी हितग्राहियों से अपील की है कि वे 31 अगस्त से पूर्व अपना ई-केवायसी अवश्य कराएं। जिन हितग्राहियों द्वारा इस अवधि में ई-केवायसी नहीं कराया जाता है, उनकी पेंशन होल्ड कर दी जाएगी तथा ई-केवायसी के बाद ही पुनः पेंशन प्रारम्भ की जाएगी। उन्होने जिले के मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायतों को निर्देश दिये है कि अभियान चलाकर शेष हितग्राहियों का ई-केवायसी 31 अगस्त से पूर्व कराना सुनिश्चित करें।

## युवती को सांप ने डसा अस्पताल लाते मौत

**हरदा।** गुरुवार को सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम झुंड गांव में एक युवती को सांप ने काट लिया। सांप के काटने के बाद युवती जमीन पर गिर गई। परिजन आनन फानन में उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। हालांकि इसके पहले ही वह दम तोड़ चुकी थी। जिला अस्पताल में युवती के शव का पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। झुंड़गांव में मजदूरी करने वाले चेनसिंह ने बताया कि उनके छोटे भाई रतिराम धुर्वे की बेटी कविता (19) घर में थी। दोपहर करीब एक बजे के आसपास नहाने के बाद खेत में बनी झोपड़ी में तैयार हो रही थी। इसी दौरान उसके पैर में जहरीले सांप ने डस लिया।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में दिया उपहार

# हरदा की 93541 लाड़ली बहनों के खाते में 11.40 करोड़ की राशि अंतरित की

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरूवार को राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत लाभार्थी महिलाओं के खातों में रक्षाबंधन पर्व पर 250 रूपये की विशेष आर्थिक सहायता एवं माह अगस्त की मासिक आर्थिक सहायता राशि अंतरित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस दौरान प्रदेश की 1 करोड़ 26 लाख 89 हजार 823 लाड़ली बहनों के खातों में 1 हजार 859 करोड़ 1 लाख 32 हजार 350 रूपये की राशि अंतरित की। उन्होने लाड़ली बहनों को नियमित किश्त 1250 रूपये के अतिरिक्त रक्षाबंधन के शगुन के रूप में 250 रूपये भी दिये। इस प्रकार प्रत्येक लाड़ली बहना को रक्षाबंधन के पूर्व 1500 रूपये दी। इस अवसर पर हरदा में जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी कक्ष में आयोजित



किया गया। कार्यक्रम में सीडीपीओ हरदा अनुराग दुबे सहित विभागीय अधिकारी व लाड़ली बहनाएं उपस्थित थी। इस दौरान राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी देखा गया। इसके अलावा तहसील व पंचायत स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किये गये। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नरसिंहगढ़ में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में जिले की 93541 महिलाओं के बैंक खातों में 11.40 करोड़ रूपये की राशि अंतरित की। इस दौरान जनपद पंचायत हरदा की 23757, जनपद पंचायत खिरकिया की 22972, जनपद पंचायत टिमरनी की 25970, नगर पालिका हरदा की 11667, नगर परिषद खिरकिया की 3552, नगर परिषद सिराली की 2290 तथा नगर परिषद टिमरनी की 3333 लाड़ली बहनों के खाते में राशि अंतरित की गई। इस दौरान जिले की 94002 लाड़ली बहनों के खाते में रक्षाबंधन के शगुन के रूप में 250 रूपये के मान से कुल 2.35 करोड़ रूपये भी अंतरित किये।

### अधिकारियों को निर्देश, हाई रिस्क महिलाओं की पहचान कर नियमित प्रबंधन करें

# शत प्रतिशत गर्भवती और बच्चों का टीकाकरण सुनिश्चित करें: कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

सभी गर्भवती महिलाओं का प्रथम त्रैमास में ही शतप्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करें। सभी हाई रिस्क महिलाओं की पहचान कर उनका नियमित प्रबन्धन करें तथा नियमित रूप से फालोअप भी लें। यह निर्देश कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने गुरूवार को कृषि उपज मण्डी के सभाकक्ष में आयोजित स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिये।

बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह, डीएचओ डॉ. सुनिल द्विवेदी, प्रमुख खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. शैलजा महाजन सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारी, ए.एन.एम., सीएचओ तथा महिला बाल विकास विभाग के सुपरवाइजर उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर जैन ने निर्देशित किया कि गर्भवती महिलाओं व बच्चों का शतप्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए। दस्तक अभियान के तहत चिन्हित कुपोषित बच्चों को एन.आर.सी. में भर्ती कराया जाए। शिशु मृत्यु के कारणों की पहचान अनिवार्य रूप से की जाए ताकि शिशु मृत्यु के कारणों का निराकरण किया जा सके। असंचारी रोगों की रोकथाम के लिये किये जा रहे प्रयासों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री जैन ने निर्देश दिये कि जिन क्षेत्रों में सीएचओ नहीं है, वहां टीम वर्क के साथ कार्य करें तथा शिविर का आयोजन कर कार्य में प्रगति लायें। टेलीकंसल्टेंसी के लिये सभी चिकित्सकों की आईडी तैयार की जाए ताकि नागरिकों को टेलीकंसल्टेंसी के माध्यम से सही चिकित्सकीय सलाह व उपचार मिल सके। उन्होने बैठक में दस्तक अभियान के तहत किये जा रहे कार्यों की भी जानकारी उपस्थित कार्यकर्ताओं से ली।

## दृष्टि दोष से पीड़ित विद्यार्थियों के नेत्र परीक्षण के लिए लगाए जा रहे शिविर

राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिले के सभी शासकीय स्कूलों के छात्रों का नेत्र परीक्षण किया जा रहा है। प्रथम चरण में प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा विद्यालयों में सभी विद्यार्थियों का दृष्टि परीक्षण किया गया। जिला कार्यक्रम प्रबन्धक (अंधत्व) डॉ. भरत यादव ने बताया कि प्रथम चरण में जांच के बाद दृष्टि दोष से पीड़ति पाये गये विद्यार्थियों के चश्में की जांच एवं आंखों की अन्य बीमारियों के उपचार के लिये संकुलवार खण्ड स्तरीय चिकित्सालयों में शिविर आयोजित किये जा रहे हैं।संकुल स्तरीय शिविर जिला चिकित्सालय में प्रातः 9 बजे से 2 बजे तक आयोजित किये गये है। उन्होने बताया कि संकुल शासकीय हाई स्कूल मसनगांव के लिये 18 अगस्त को, शासकीय हाई स्कूल बालागांव के लिये 19 अगस्त को तथा संकुल शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हरदा के विद्यार्थियों के लिये 20 व 21 अगस्त को शिविर आयोजित किया जाएगा। इन शिविरों में ऑप्थलमिक असिस्टेंट आर.के. साहू विद्यार्थियों का नैत्र परीक्षण करेंगे। इसी प्रकार विकासखण्ड टिमरनी के लिये संकूल स्तरीय शिविरों का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र टिमरनी में प्रातः 10 से 2 बजे तक आयोजित होगा। शिविर में 18 अगस्त को शासकीय कन्या स्कूल रहटगांव व 20 अगस्त को शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रहटगांव के विद्यार्थियों का नेत्र परीक्षण ऑप्थलमिक असिस्टेंट रेखा काशिव द्वारा किया जाएगा। विकासखण्ड हंडिया के लिये सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हंडिया में प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक संकूल स्तरीय शिविर आयोजित होंगे। शिविर में 8 अगस्त को शासकीय हाई स्कूल खेड़ा तथा 12 अगस्त को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खेड़ा के विद्यार्थियों का नेत्र परीक्षण ऑप्थलमिक असिस्टेंट आर.एस. कटारे द्वारा किया जाएगा। इसके पूर्व शासकीय महात्मा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरदा, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरदा, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टिमरनी, शासकीय हाई स्कूल चारखेड़ा, हाई स्कूल बाजनिया में शिविर लग चुके हैं।

### नपा अधिकारियों की बैठक

## नगरीय क्षेत्रों में स्वच्छता की स्थिति बेहतर होना चाहिए



**हरदा।** कलेक्टर ने जिले के नगर पालिका अधिकारियों की बैठक लेकर नगरीय क्षेत्रों में बेहतर स्वच्छता के इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होने कहा है कि जिले के सभी नगरीय क्षेत्र स्वच्छ एवं साफ सुथरे रहना चाहिए। बैठक में उन्होने गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माना करने के भी निर्देश दिये। साथ ही कहा कि नगरीय क्षेत्र अंतर्गत निराश्रित गौवंश को गौशालाओं में स्थानान्तरित किया जाए। आवारा सुअरों पर भी नियंत्रण किया जाए। बैठक में उन्होने नगरीय निकायों के अधीन किराये पर संचालित दुकानों की किराया दर का युक्तियुक्तकरण करने के भी निर्देश दिये। इस दौरान जिले के सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी मौजूद थे।

### रिपोर्ट पर कार्रवाई होगी

## खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर मिठाइयों के नमूने लिए



**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग के दल ने गुरूवार को जिले के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर मिठाइयों के सैम्पल लिए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेन्द्र कांबले ने बताया कि निरीक्षण के दौरान खिरकिया में सत्कार उपहार गृह से मावा, वंदना उपहार गृह से सोन पापड़ी का सैंपल व राजस्थान स्वीट एंड नमकीन से पिस्ता बर्फी तथा चारूवा में माँ भगवती राजस्थान मिष्ठान भण्डार से मिठाई और मावा के सैंपल लिये। उन्होने बताया कि ये सैंपल खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे जायेंगे तथा जांच बाद रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### सात दिवसीय संस्कृत सप्ताह जारी

## संस्कृत गीत प्रतियोगिता में दी बालक-बालिकाओं ने प्रस्तुतियां



**हरदा।** डॉक्टर बी आर अंबेडकर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हरदा में सात दिवसीय संस्कृत सप्ताह का आयोजन चल रहा है। गुरुवार को उत्कृष्ट विद्यालय हरदा में संस्कृत गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें एकल संस्कृत गीत प्रतियोगिता व सामूहिक संस्कृत गीत प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हरदा ,सरस्वती शिशु मंदिर हरदा ,कन्या शाला हरदा और सनफ्लावर इंग्लिश मीडियम स्कूल के बालक बालिकाओं द्वारा संस्कृत गीतों की सुंदर व मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। जिला संस्कृति प्रकोष्ठ प्रभारी हेमलता अग्रवाल ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को संस्कृत सप्ताह के समापन दिवस पर प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शासकीय कन्या शाला की प्राचार्य मंजूलता खरे एवं सीमा रघुवंशी तथा महात्मा गांधी विद्यालय के सांस्कृतिक प्रभारी गोकुल प्रसाद गौर, हरदा उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार यादव रहे।

## किसानों के खेतों के निरीक्षण के दौरान पीला मोजेक रोग के लक्षण देखे, उपाय भी बताए



**हरदा।** कृषि विज्ञान केंद्र, हरदा के कृषि विशेषज्ञ डॉ. मुकेश कुमार बंकोलिया एवं किसान कल्याण तथा कृषि विकास (आत्मा) के विकासखंड तकनीकी प्रबंधक डॉ श्रीचंद जाट ने गुरूवार को ग्राम पानतलाई, सुहागपुर, गाड़ामोड़ एवं निमियागाँव में सोयाबीन फसल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने किसान पवन कुमार पटेल, भूपेंद्र गुर्जर सहित अन्य किसानों के खेतों के निरीक्षण के दौरान पीला मोजेक रोग के लक्षण देखे। उन्होने प्रबंधन के लिये किसानों को सलाह दी कि रोग वाहक सफेद मक्खी नियंत्रण के लिये पूर्व मिश्रित कीटनाशक बीटासायफ्लूथ्रीन+ ईमिडाक्लोप्रीड 140 मिली प्रति एकड़ की दर से छिड़काव करें तथा पावर पंप द्वारा पानी 100 से 125 लीटर प्रति एकड़ का प्रयोग करें।

### इंपीरियल पब्लिक स्कूल के छात्रों ने अंडर 19 में जिला स्तर पर किया था प्रदर्शन

## छात्रों का खो-खो में संभाग के लिए किया गया चयन

**खिरकिया।** इंपीरियल पब्लिक स्कूल के छात्र- छात्राओं के अंडर 19 में जिला स्तर पर खो - खो प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संभाग स्तर के लिए अपनी जगह सुनिश्चित की इसमे कनिष्का राजपूत और राधिका गुर्जर ने खो खो में खेल शिक्षक अर्जुन सिंह सर और नेहा राजपूत के मार्गदर्शन में शानदार प्रदर्शन किया । विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर खिड़कियां राजपूत शिक्षण एवं सामाजिक



विकास समिति के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण दरबार एवं सचिव मूरत सिंह कोषाध्यक्ष प्रमोद सिंह जरखड़िया, डॉ अखिलेश सिंह राजपूत और सभी सदस्यों ने दोनों बच्चों को शुभकामनाएं प्रेषित की एवं निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया इस मौके पर राजपूत परिषद खिड़किया के अध्यक्ष शंकर सिंह पटेल एवं राम सिंह खड़वाडीया, श्री विजय सिंह खड़वाड़िया, बद्री प्रसाद पटेल और इंपीरियल पब्लिक प्राचार्य नितिन जाधव द्वारा भी दोनों बच्चों को शुभकामनाएं प्रेषित की।